मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या—cm-567
24/12/2022

# क्रिसमस के अवसर पर ईसाई समुदाय के लोगों ने मुख्यमंत्री को दी अग्रिम बधाई

पटना, 24 दिसम्बर 2022 :— मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से 1 अणे मार्ग स्थित मुख्यमंत्री आवास में पटना विमेंस कॉलेज की प्राचार्य सिस्टर रश्मि, इंडियन पेंटेकोस्टल चर्च ऑफ गॉड के सचिव डॉ0 एबीवाई पी0 मैथ्यू, अल्पसंख्यक ईसाई कल्याण संघ के अध्यक्ष श्री एम्ब्रोस पैट्रिक एवं इंटरनेशनल ह्यूमन राईट काउंसिल, अल्पसंख्यक विभाग, बिहार के महासचिव श्री एस0के0 लॉरेंस समेत ईसाई समुदाय के लोगों ने मुलाकात कर क्रिसमस की अग्रिम बधाई दी और ईसा मसीह से राज्य के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। ईसाई समुदाय के आये हुये लोगों ने कैरोल भी गाया। मुख्यमंत्री ने आगंतुकों को अंगवस्त्र भेंट किया।

******